पंजाब केसरी 11/09/2024

आगामी चुनाव के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से जी.एम.एन. कालेज में हुई नारा लेखन प्रतियोगिता

जी.एम.एन. कालेज में स्वीप के अंतर्गत नारा लेखन प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते प्राचार्य डा. रोहित दत्त। (देवदत्त)

अम्बाला, 10 सितम्बर (बलराम): आगामी विधानसभा चुनाव के प्रति जागरुकता फैलाने के उद्देश्य जी.एम.एन. कालेज में स्वीप के अंतर्गत नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 60 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

कार्यक्रम का आरंभ में कालेज प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने कार्यक्रम में शामिल विद्यार्थियों को वोट के महत्व के बारे में बताया। उनका कहना था कि हम सभी को विकास के हर तथ्य एवं पहलू को ध्यान में रखते हुए अपने कीमती वोट का उपयोग करना है। सोच-समझकर बिना किसी के बहकावे में न आकर वोट करना हर जिम्मेदार नागरिक का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि यही विद्यार्थी आगे चल कर देश की प्रगति में अपनी अहम भूमिका निभाएंगे।

कार्यक्रम की संयोजिका डा. सीमा कंसल ने विद्यार्थियों को आगामी विधानसभा चुनाव में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि कालेज के होनहार युवा छात्र ही हमारे देश का भविष्य हैं और उन्हें वोट डालने के अधिकार एवं उसके महत्व के बारे में जानकारी होना अनिवार्य है।

उन्होंने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को हरियाणा में अक्तूबर माह में होने वाले विधानसभा चुनावों के बारे में लोगों को अवगत करवाना था। इस अवसर पर प्रतिभागियों एवं कालेज के अन्य विद्यार्थियों विशेष रूप से उपस्थित रहे।